भारत सरकार

संचार मंत्रालय

दूरसंचार विभाग

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. *145

उत्तर देने की तारीख 08 दिसम्बर, 2021

5जी परीक्षण हेतु लाइसेंस का आबंटन

***145. श्री मद्दीला गुरुमूर्ति:**
श्री बेल्लाना चन्द्रशेखर

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में चुनिंदा राज्यों में 5जी परीक्षण के लिए संचार कंपनियों को स्पेक्ट्रम का आबंटन किया है; और

(ख) यदि हां, तो ऐसी कंपनियों का ब्यौरा क्या है और प्रायोगिक अध्ययन हेतु चुने गए राज्य कौन-कौन-से हैं?

उत्तर

रेल, संचार तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ख) विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

जारी.....2/

लोक सभा में “5जी परीक्षण हेतु लाइसेंस का आबंटन” के बारे में दिनांक 08 दिसम्बर, 2021 को पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या *145 के भाग (क) और (ख) के उत्तर के संबंध में सदन के पटल पर रखा जाने वाला विवरण।

(क) और (ख): विभिन्न दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) को उनके अनुरोध के अनुसार देश में उनकी पसंद के स्थलों के लिए 5जी प्रौद्योगिकी परीक्षण के लिए स्पेक्ट्रम सौंपा गया है। इन स्थलों में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश (पूर्व) और पंजाब लाइसेंस सेवा क्षेत्र (एलएसए) के शहरी, अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्र शामिल हैं।

*****